महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टर ने खरोरा गौठान का किया निरीक्षण

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज खरोरा गौठान का अवलोकन किया। वहां संचालित आजीविका गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद निर्माण एवं विक्रय में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित सोसाइटी के कर्मचारियों से गौठान में निर्मित सुपर खाद एवं वर्मी खाद को समन्वय से विक्रय के लिए कहा। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्मी खाद को तैयार करें। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों एवं आम जनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। अवसर पर डीएफओ विश्वेश कुमार, एसडीएम प्रकाश टंडन एवं तहसीलदार के. के. साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के बच्चों में लर्निंग लॉस में आया सुधार

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना काल के कारण बच्चों में हुए लर्निंग लॉस में छत्तीसगढ़ में अपनाई गई उचित रणनीति और सतत् प्रयास से तेजी से सुधार हुआ है। लर्निंग लॉस के आकलन के लिए 27 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों पर किए गए सर्वे के अनुसार अब लर्निंग लॉस के विद्यार्थियों का आंकड़ा 51 से घटकर 7 से 8 प्रतिशत रह गया है। वार्षिक परीक्षा के आधार पर 90.13 प्रतिशत विद्यार्थी अपने कक्षा स्तर पर आ गए हैं। इसके साथ ही न्यूनतम व प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों का प्रतिशत घटकर लगभग 4 प्रतिशत रह गया है। कोरोना काल में लंबे समय से स्कूलों के बंद रहने के कारण कई प्रयासों के बाद भी बच्चों में लर्निंग लॉस देखा गया। इसके आकलन के लिए राज्य स्तरीय आकलन प्रणाली में बड़ा बदलाव लाते हुए उसे नया स्वरूप दिया गया। एससीईआरटी द्वारा प्रश्न पत्रों के परम्परागत पैटर्न में बड़ा बदलाव लाया गया। एनआईसी की सहयोग से ऑनलाईन ऑटोमेटेड असेसमेंट एनालिसिस सिस्टम तैयार किया गया है। इससे सुनिश्चित किया जा सका कि विद्यार्थी अपनी कक्षा स्तर से कितने स्तर नीचे है।

दूसरे की करोड़ों की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचा, तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। 52 हजार स्क्वेयर फ ीट जमीन के फर्जीवाड़े के मामले में डीजीपी से शिकायत और जांच के बाद तेलीबांधा थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इस फर्जीवाड़े में राजेश पुजारी, कुमारी लक्ष्मी पुजारी और श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त आरोपियों ने अनुपम नगर खम्हारडीह निवासी सीमा अग्रवाल पति अशोक अग्रवाला की तेलीबांधा थानाक्षेत्र स्थित एक जमीन के कुटरचित दस्तावेजों तैयार कर जमीन पर कब्जा कर किसी और को बेच दी। जिसकी शिकायत महिला ने थाना खम्हारडीह में की थी किंतु मौका जमीन तेलीबांधा थानाक्षेत्र में होने के कारण शिकायत को तेलीबांधा थाने में हस्तांतरित किया गया था। उक्त मामलें की जांच तेलीबांधा पुलिस कर रही थी। हालांकि इस एफआईआर के लिए पीडिता और उनके परिवार वालों को खूब परेशानियों का सामना करना पड़ा जिसके बाद ये एफआईआर हुई। पीडित परिवार का आरोप है कि ये जमीन करीब 2003 में उन्होंने खरीदी थी। जिसका नामंतरण और बी-1 भी उनके नाम से है। बावजूद इसके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उनकी जमीन बेच दी गई। साथ ही उनके द्वारा सीमांकन कराने के प्रयास पर भी सांठ-गांठ कर उक्त प्लॉट का सीमांकन कभी होने नहीं दिया गया जा रहा था। जिसके बाद पीडित परिवार को पुलिस से मदद लेनी पड़ी और जांच की एक लंबी प्रक्रिया के बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले में 120 बी, 420-, 447, 466, 467, 468, 471 और 474 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने शिक्षक संगठनो के अनिश्चितकालीन आंदोलन को दिया समर्थन

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने शनिवार को बूढ़ा पारा धरना स्थल पर पहुंच कर तीन शिक्षक संगठनों द्वारा डीए एवं गृहभाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण के लिए किए जा रहे अनिश्चित कालीन आंदोलन का समर्थन किया है महासंघ के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया की संयोजक अनिल शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसके पहले इसी मैदान पर पांच दिनों का धरना प्रदर्शन हुआ किंतु सरकार ने उसको नोटिस भी नही किया,इधर तीन शिक्षक संगठनों द्वारा अनिश्चित कालीन आंदोलन की घोषणा करने से हरकत में आई सरकार ने एक दमन कारी आदेश कल देर रात जारी कर दिया जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है ,।

ट्रक ड्रायवर और खलासी को बंधक बनाकर ट्रक समेत 30 टन छड़ की लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों से 30 टन छड़ मय ट्रक और लूटपाट में उपयोग की हुई आर्टिगा कार व मोबाइल जब्त

रायगढ़। थाना धरमजयगढ़ के चौकी रैरूमा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 26-27/07/2022 की रात्रि यादव ढाबा के आगे सुनसान मेन रोड़ पर अर्टिका कार में आये अज्ञात 6 व्यक्ति ट्रक क्रमांक CG 15 DF –7799 के ड्रायवर और खलासी से मारपीट कर दोनों को कार में जबरन बिठाकर ट्रक में लोड 30 टन छड़ को ट्रक समेत लूटकर भाग गये। पीड़ित ट्रक ड्रायवर के साथी अन्य ट्रक क्रमांक CG 15 AC- 5627 के ड्रायवर जो घटना को देखा जिसके द्वारा दिनांक 27.07.2022 के रात्रि घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी रैरूमा में दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर चौकी रैरूमा (थाना धरमजयगढ़) में अज्ञात आरोपियों पर अपहरण, लूट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। लूटपाट की घटना में माल मुल्जिम पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक विजय पैंकरा को निर्देशित किया गया था। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ और चौकी रैरूमा की संयुक्त टीम बनाई गई जिनके द्वारा लूटे ट्रक छड़ समेत बरामद कर घटना कारित करने वाले दो आरोपी (1) लोकेश यादव पिता दिलेश्वर यादव उम्र 22 वर्ष (2) पुरुषोत्तम यादव पिता महेंद्र यादव उम्र 25 साल दोनों निवासी गडरियाजोर थाना कुरडेम जिला

सिमडेगा (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया जिनसे लूटपाट में प्रयुक्त कार और आरोपियों के मोबाइल की जप्ती कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। घटना में शामिल अन्य 5 आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है।

घटना के संबंध में ट्रक क्रमांक CG 15 AC- 5627 के चालक सोनू अंसारी उम्र 25 वर्ष चौकी रैरूमा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 26.07.2022 को ट्रक क्रमांक CG 15 AC 5627 में अपने परिचालक वसीम अंसारी के साथ बी.एस. स्पंज प्राइवेट लिमिडेट तराईमाल, रायगढ से 30 टन लोहे का छड़ उत्तरपद्रेश ले जाने लोड़ कराये। इसी प्रकार ट्रक क्रमांक CG 15 DF-7799 का चालक जुबेर अंसारी भी अपने परिचालक अमर कुमार उर्फ कल्लू के साथ बी.एस. स्पंज प्रायवेट लिमिडेट तराईमाल रायगढ से 30 टन लोहे का छड़ अपने ट्रक में लोड़ कराया था। दोनों एक ही ट्रांसपोर्ट के अधीन ट्रक चलाने से दोनों एक साथ तराईमाल से शाम को उत्तर प्रदेश जाने के लिये निकले थे। दोनों ट्रक आगे पीछे आ रहे थे। रात्रि करीब 01.45 बजे रैरूमा, यादव ढाबा के आगे जैसे ही पहुंचे तो एक सफेद रंग की आर्टिगा कार से 3-4 नकाब पोश व्यक्ति हाथों में डंडे और कट्टा जैसे किसी हथियार से ट्रक चालक जुबेर अंसारी को रोककर मारपीट कर ट्रक से उतार लिये और ट्रक चालक जुबेर अंसारी, अमर कुमार को जबरजस्ती कार में बिठाकर अपने साथ ले गये और ट्रक को भी अज्ञात व्यक्ति लूट कर चलाते हुये पत्थलगांव की ओर भाग गये।

अज्ञात आरोपियों की पतासाजी दौरान हिरासत में लिये गये आरोपी लोकेश यादव और उसके साथी पुरूषोत्तम बताये कि लोकेश यादव ट्रक लूटपाट की योजना रायगढ़ के उसके साथी बिहारी के साथ मिलकर बनाया था। लोकेश पहले खरसिया, तमनार में ट्रक ड्राइविंग का काम करता था। इसी दरम्यान बिहारी नाक के ड्रायवर से जान पहचान हुआ बिहारी रायगढ़ क्षेत्र के किसी फैक्ट्री में काम करता था। इसी महिने के पहले सप्ताह में लोकेश यादव रायगढ़ में बिहारी से मिला था। बिहारी बताया कि तराईमाल क्षेत्र में लगातार लोहे का सरिया बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश ट्रक चालकों द्वारा ले जाया जा रहा है।

ट्रक में लाखों रुपए का लोहा और छड़ होता है, ऐसे ट्रक को लूटना आसान है और लोहे की छड़ को लूट कर बेचने से मोटी रकम हाथ लग सकती है। तब लोकेश ययादव अपने 5 साथी सूर्या सोनी ग्राम माचाटोली गताडीह, गुलशन लोहार ग्राम दर्रीडीह, संजय भगत ग्राम केंदूटोली, उसके गांव के पुरुषोत्तम यादव और गांव के आसपास के करिया नाम का लड़का के साथ ट्रक लूटने का प्लान बताया सभी बिहारी और लोकेश यादव के नाम से सहमत थे। पुरुषोत्तम यादव कार चालक था जो अपने गांव के किसी व्यक्ति का कार चलाता था पुरुषोत्तम यादव को बरगढ़ जाने का बहाना बनाकर किराए में कार लाने बोले। तय प्लान के अनुसार दिनांक 26/072022 की सुबह पुरुषोत्तम यादव कार को लेकर आया। सभी 6 लोग लोकेश यादव, सूर्या सोनी, गुलशन लोहार, संजय भगत, करिया और पुरूषोत्तम यादव तराईमाल रायगढ़ आये। जहां तराईमाल में बिहारी मिला, बिहारी ने ट्रक सीजी 15 BF-7799 में लोहे का छड़ होने की जानकारी दिया और ट्रक को लूटने की बात बताया जिसके बाद सभी ट्रक का पीछा करते हुए धर्मजयगढ़ आए। एक ढाबा पर ट्रक सीजी 15 BF-7799 रुकी उसके साथ एक और ट्रक भी रूका। दोनों ट्रक के ड्राइवर और खलासी ढाबा खाना खाने ढाबा गए और रात्रि करीब 12:00 बजे दोनों ट्रक पत्थलगांव की ओर जाने लगे जिसका पीछा करते-करते हुए करीब 1.30-2:00 बजे के बीच रास्ते में ट्रक सीजी 15 बी.एफ.-7799 के आर्टिगा कार को अड़ा कर। लोकेश यादव और 3 लड़के मुंह में नकाब बांधकर डंडा, रॉड लेकर कार से उतरे और ट्रक ड्राइवर और खलासी को ट्रक से बाहर उतारकर ड्राइवर और खलासी को डंडा और शॉकब से मारपीट शुरू कर दिए जिसके बाद कार में ट्रक के ड्राइवर और खलासी को जबरन बैठाकर आगे बढ़े। लोकेश और उसका एक साथी ट्रक में चढ़कर ट्रक को लेकर जाने लगे। कार के सामने जा रहे ट्रक का चालक उसके साथी से लूटपाट का अभास पाकर अपने ट्रक से कार को रोकने का प्रयास किया तो कार ट्रक से टकराई। कार के सामने हेडलाइट टूट गया फिर भी तेजी से कार को चलाते हुए झारखंड बॉर्डर के जंगल ले गए। ट्रक के ड्राइवर और खलासी को 3-4 घंटे तक जंगल अंदर कार में रखे और फिर बाइक मंगाकर ड्राइवर और खलासी को बॉर्डर पर छोड़ दिए। कार ट्रक से टकराने से पुलिस को जानकारी मिलने की अंदेशा हुआ और सभी एक दूसरे को सर्तक रहने बोल दिये। ट्रक को लोकेश तपकरा के पास जंगल किनारे खड़ी कर दिया। अपराध कायमी के बाद सीमावर्ती पुलिस थानों को घटना की सूचना दी गई अगले दिन 28.07.2022 को तब करा पुलिस के सहयोग से धर्मजयगढ़ पुलिस ट्रक के साथ लोकेश को साजबहार ढाबा, तपकरा के पास पकड़ी। आरोपी लोकेश यादव पूछताछ में घटना में कुल 7 आरोपियों के शामिल होना स्वीकार किया है , आरोपी लोकेश यादव के मेमोरेंडम पर ट्रक क्रमांक सीजी 15 बीएफ 7799 में 30 टन लोहे का छड़ कीमती 18,53,683 रुपए का जप्त कर घटना समय प्रयुक्त मोबाइल तथा आरोपी पुरुषोत्तम यादव के पास से लूटपाट में प्रयुक्त आर्टिगा कार JH 01-EN-1706 जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के साथी फरार है। पुलिस को फरार आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण क्लू मिला है आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी कार्यवाही जारी है ।

कोयले से भरी मालगाड़ी के बोगी में लगी आग,दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

भिलाई (आरएनएस)। कोयले से भरी मालगाड़ी में आग लगने से हडक़ंप मच गया। मालगाड़ी की बोगी में धुआं उठता देख रेलवे कर्मियों इसकी सूचना अधिकारियों को दी। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में मालगाड़ी को खड़ा किया गया। दमकल विभाग के कर्मियों ने पहुंचकर करीब घंटे भर की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। कोयला लेकर नागपुर की ओर जा रही मालगाड़ी में अचाकन धुआं उठने लगा। बीएमवाई चरोदा व भिलाई तीन रेलवे स्टेशन के बीच धुआं देखा गया। रेलवे कर्मचारियों ने इसकी सूचना बड़े अधिकारियों को दी। इसके बाद भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में मालगाड़ी को रोकने का निर्देश दिया गया।

अफ सरों ने यहीं से अग्निशमन विभाग को भी सूचना दे दी थी। सुबह करीब 9:15 बजे मालगाड़ी भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में रुकी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। सुबह 9:30 बजे दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची और इसके बाद आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। कोयला बोगी में काफी नीचे से जल रहा था। एक तरह से अंगीठी की तरह जल रहा था।

महासमुंद मेडिकल कॉलेज को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए 100 सीटों की मिली मान्यता

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश में तीन नए मेडिकल कॉलेज में पिछले साल जहां कांकेर को एनएमसी से मान्यता मिली थी, वहीं इस बार महासमुंद को भी मान्यता मिल गई। प्रदेश में दो साल पहले कांकेर, महासमुंद व कोरबा जिले में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की मंजूरी मिली थी। इसके बाद तीनों ही जिलों में मेडिकल कॉलेज की तैयारी शुरू हुई। पिछले साल एनएमसी के निरीक्षण के बाद कांकेर को मान्यता मिली थी। इस बार मान्यता की दौड़ में महासमुंद व कोरबा मेडिकल कॉलेज थे। करीब 2 महीने पहले एनएमसी ने दोनों कॉलेज का एक ही दिन वर्चुअल निरीक्षण किया था। उसके बाद से फाइनल रिपोर्ट का इंतजार चल रहा था। शुक्रवार को एनएमसी ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें महासमुंद मेडिकल कॉलेज को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए 100 सीट के चिकित्सकीय शिक्षा के लिए मान्यता प्रदान कर दी गई है।

एक दर्जन आईएएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक दर्जन अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार विकास आयोग महानिदेशक ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान एवं महानिदेशक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी को अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा महानिदेशक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुव्रत साहू को वन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विकास आयुक्त तथा महानिदेशक ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके शेष प्रभार यथावत रहेंगे। मनोज कुमार पिंगुआ प्रमुख सचिव को वन विभाग के प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ करते हुए प्रमुख सचिव गृह एवं जेल विभाग तथा प्रमुख प्रवासीय आयुक्त छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलभूषण टोप्पो आयुक्त रायपुर संभाग को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। धनंजय देवांगन को लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुख्यमंत्री के सचिव एस.भारतीदासन को सचिव लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। हिमशिखर गुप्ता विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग को वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सहकारिता विभाग तथा पंजीयन सहकारी संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। संचालक कृषि यशवंत कुमार को आयुक्त रायपुर संभाग के पद पर पदस्थ किया गया है।

सत्यनारायण राठौर पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं को संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. तंबोली अय्याज फकीर भाई को संचालक कृषि का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सारांश मित्तर को प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। उनके शेष प्रभार यथावत रहेंगे।

स्तनपान सप्ताह कल से शुरू: स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए जिले में होंगे विविध आयोजन

❐ **बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए स्तनपान अत्यंत जरूरी : सीएमएचओ डॉ. केसरी**

रायगढ़। अगस्त का पहला सप्ताह विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान को बढ़ावा देने, शिशुओं, बच्चों की बीमारी और कुपोषण से बचाने और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 1 से 7 अगस्त तक जागरूकता के कई कार्यक्रम होंगे। विश्व स्तनपान सप्ताह 2022 की थीम स्टेप अप फॉर ब्रेस्टफीडिंग, एजुकेट एंड सपोर्ट यानी स्तनपान शिक्षा और सहायता के लिए कदम बढ़ाएं, है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 घंटे के अंदर स्तनपान की दर शहरी क्षेत्र में 30.0 प्रतिशत है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्तनपान की दर 32.8 है प्रदेश में स्तनपान की दर कुल 32.2 है। जिसे बढ़ाने को टैगलाइन "ये मौका छूटे ना", के अंतर्गत अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि यह बच्चों के साथ-साथ माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की जिम्मेदारी माता के साथ साथ परिवार व मुख्य रूप से पिता की भी होती है। पिता द्वारा बच्चे की माता की देखभाल करना, माता को बच्चे के साथ अधिक समय व्यतीत करने व उचित तरीके से स्तनपान कराने को प्रोत्साहित करना आदि तरीके से भूमिका निभायी जा सकती है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बतायाः "विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य प्रसूता व शिशु के मध्य स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है। प्रसव के तुरंत बाद एक घंटे के भीतर शिशु को मां के स्तनपान से मिलने वाला गाढ़ा दूध शिशु के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है, इसीलिए शिशु को स्तनपान अवश्य कराना चाहिए। मां के दूध से बच्चे को रोगों से लड़ने की शक्ति मिलती है। इसीलिए 6 महीने तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराना चाहिए। इसके बाद स्तनपान कराने के साथ-साथ ऊपरी पौष्टिक पूरक आहार भी देना चाहिए।"

उन्होंने आगे बताया, "बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु स्तनपान अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसका शिशु एवं बाल जीविवता पर अहम प्रभाव पड़ता है। जिन शिशुओं 1 घंटे के भीतर स्तनपान नहीं कराया जाता उनमें नवजात मृत्यु दर की संभावना 33 प्रतिशत अधिक होती है। 6 माह की आयु तक केवल स्तनपान कराने से आम रोग जैसै दस्त व निमोनिया के खतरे को क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। स्तनपान स्तन कैंसर से होने वाली मृत्यु को भी कम करता है।"

स्तनपान सप्ताह के साथ वजन त्यौहार भी- महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया, "स्तनपान सप्ताह प्रत्येक आंगनबाड़ी में मनाया जाएगा। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी एवं मितानिनों द्वारा समुदाय में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही 1 से 11 अगस्त तक वजन त्यौहार मनाया जाएगा। जिसमें पहली बार 5 से 6 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इससे पहले 5 साल तक के बच्चे वजन त्यौहार में शामिल थे।"

कार्यशाला भी होगी- स्वास्थ्य विभाग के परिवार नियोजन अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया, "स्तनपान सप्ताह के दौरान स्तनपान का महत्व लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर कार्यशाला, प्रदर्शनी, फिल्म शो, परिचर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के साथ जनप्रतिनिधि सहित महिला समूह और अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल किया जाएगा। आंगनबाड़ी और ग्राम स्तर पर नारे लेखन, वॉल रायटिंग, पोस्टर-बैनर के माध्यम से स्तनपान से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जागरूकता के लिए छोटे समूहों में प्रश्नोत्तरी होगी।"

बाइक चोरी, मोबाइल तथा नकदी लूट और सेट्रिंग प्लेट चोरी के मामलों में 4 आरोपी गिरफ्तार

❐ **चोरी, लूट जैसे अपराधों अपराध पर अंकुश लगाने कोतवाली पुलिस की धरपकड़**

रायगढ़। एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा चोरी, लूट जैसे वारदातों पर अंकुश लगाने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध कबाड़ के परिवहन/संचालन, बाइक चोर तथा रात्रि संदिग्ध घूम रहे व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं निर्देशों पर नगर कोतवाल निरीक्षक मनीष नागर द्वारा मुखबिरों को सक्रिय कर विवेचकों की टीम बनाकर मुल्जिम की पतासाजी किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 30.07.2022 को #कोतवाली पुलिस तीन अलग-अलग मामलों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार- कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा आज दोपहर मुखबिर सूचना पर सतीगुड़ी चौक के पास एक संदिग्ध युवक को मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते वक्त पकड़ा गया है, पूछताछ में संदिग्ध युवक अपना नाम शिवा बरेठ निवासी राजीवनगर का रहने वाला बताया। शिवा बरेठ से बेच रहे मोबाइल के संबंध में पूछताछ करने पर बीते रात्रि करीब 1:00 बजे राजीवनगर कोतरारोड़ के पास बाइक सवार लड़के के जेब से सैमसंग मोबाइल और 300 रुपए को लूट कर अपनी स्कूटी से भाग जाना और लूट के रकम से 200 रुपए को खर्च कर देना बताया। जिस पर आरोपी शिवा बरेठ को उसके

घर ले जाकर उसके मेमोरेंडम पर लूट का सैमसंग मोबाइल, नकद 100 रुपए तथा लूट की घटना में प्रयुक्त स्कूटी लाल रंग CG 13 F–3859 जप्त किया गया है। लूट की घटना की रिपोर्ट पीड़ित ओमप्रकाश चौहान (18 साल) राजीवनगर बीते रात्रि अपने दोस्त की पार्टी मनाकर घर जाते समय एक लड़के द्वारा लूटपाट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। आरोपी शिवा बरेठ पिता लोचन बरेठ उम्र 19 साल निवासी राजीवनगर कोतरारोड़ थाना कोतवाली को लूट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

सेट्रिंग प्लेट चोरी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार- प्रातः पेट्रोलिंग दौरान कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा जोगीडीपा शिव मंदिर के पास प्लास्टिक बोरी में भरकर लोहे का सेट्रिंग प्लेट ले जा रहे वोट लाल सारथी और अनीष एक्का को मुखबिर सूचना पर हिरासत में लिया गया जो दो चोरी की सेट्रिंग प्लेट लेकर जा रहे थे। दोनों आरोपी वोट लाल सारथी पिता कुंज लाल 25 साल एवं अनीष एक्का पिता संतराम एक्का उम्र 22 साल दोनों निवासी जोगीडीपा थाना कोतवाली से लोहे का सेंटरिंग प्लेट कीमती करीब 2000 रूपये की जप्ती कर आरोपियों पर धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

इंदिरा नगर तालाब के पास झड़ियों में मिली चोरी की बाइक, आरोपी गिरफ्तार- थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से मिली सूचना पर पूछापारा इंदिरा नगर तालाब के पास संदेही सुरतिक सारथी को हिरासत में लिया गया। मुखबिर से सुरतिक सारथी सारथी के पास चोरी की मोटरसाइकिल होने की सूचना मिली थी। सुरतिक सारथी से पूछताछ करने पर चांदनी चौक छोटे हटरी शनि मंदिर के पास से दो दिन पहले (29 जुलाई) को बाइक चोरी कर तालाब के किनारे झाड़ियों पर छुपाकर रखना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी की मोटरसाइकिल सिलवर कलर CD डिलक्स क्रं. CG 04 K7522 की जब्ती किया गया है। बाइक चोरी के संबंध में दिनांक 29.07.2022 को थाना कोतवाली में यशवंत थवाईथ निवासी चांदनी चौक छोटे हटरी शनि मंदिर के द्वारा घर के बाहर खड़ी बाइक की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। आरोपी सुरतिक सारथी पिता रंजीत सारथी उम्र 19 वर्ष निवासी थाना चंद्रपुर जिला जांजगीर चाम्पा हाल मुकाम पूछापारा इंदिरानगर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को बाइक चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सम्पूर्ण कार्वाई में थाना कोतवाली के सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, राजेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक सुमन चौहान, विक्रम चौरसिया, आरक्षक अभय यादव, विनोद शर्मा, उत्तम सारथी, पुष्पेन्द्र जाटवर, मनोज पटनायक, अजय साय की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480